Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 137 ▫ रायपुर, बुधवार 10 जून 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### तृणमूल एमपी सुष्मिता देव ने दिया इस्तीफा, असम से राज्यसभा सांसद थीं ममता की पूर्व सहयोगी



**नई दिल्ली, 10 जून (न्यूज चैनल)।** तृणमूल कांग्रेस में जारी अंदरूनी संकट अब और गहरा होता दिखाई दे रहा है। पार्टी की राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने अपने पद से इस्तीफा देकर ममता बनर्जी खेमे को एक और बड़ा झटका दे दिया है। पिछले कुछ दिनों से पार्टी के भीतर बगावत की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब सुष्मिता देव के इस्तीफे ने इस संकट को और गंभीर बना दिया है। इससे पहले तृणमूल के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में लंबे समय तक पार्टी के मुख्य सचेतक रहे सुखेंदु शेखर रॉय भी पार्टी छोड़ चुके हैं। लगातार हो रहे इस्तीफों से साफ संकेत मिल रहे हैं कि तृणमूल कांग्रेस के अंदर असंतोष तेजी से बढ़ रहा है।

### दुबई में दर्दनाक सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत, इनमें तेलंगाना के तीन प्रवासी भारतीय

**नई दिल्ली, 10 जून (न्यूज चैनल)।** दुबई में एक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें तेलंगाना के तीन प्रवासी भारतीय भी शामिल हैं। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने शोक जताया है। इसके साथ ही मृतकों के पार्थिव शरीर उनके गृहनगर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। तेलंगाना के मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने दुबई में एक भीषण सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले निधन पर शोक जताया है। यह जानकारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार है। इस हादसे में जगतियाल जिले के नामिलिकोंडा (कोडिम्याल मंडल) के सैयद सलीम, गजुलापेटा (मेटपल्ली) के अब्दुल रफीक और टक्कलपल्ली (मल्याल मंडल) के गोलापल्ली तिरुपति की जान गई हैं। प्रभाकर ने इस दुखद घटना के संबंध में एनआरआई सलाहकार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष से बात की। इसके साथ ही उन्हें तत्काल राहत उपाय शुरू करने का निर्देश दिया है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पार्थिव शरीर उनके संबंधित गृहनगरों में वापस लाए जाएं। मंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी रहेगी और उन्हें पूरा समर्थन देगी।

### गृह विभाग के सचिव आईएएस रमेश कुमार सहकारिता एवं रजिस्ट्रार विभाग में आयुक्त नियुक्त

**रायपुर, 10 जून (हाईवे चैनल)।** राज्य शासन ने गृह विभाग में सचिव आईएएस रमेश कुमार शर्मा को आयुक्त, सहकारिता एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियों के पद पर नियुक्त किया है। यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय की ओर से सचिव रजत कुमार ने जारी किया है।

### शिक्षा विभाग की कार्रवाई: बिना सूचना के चार साल से ड्यूटी से गायब रहा बाबू, अब नौकरी से बर्खास्त

**रायपुर, 10 जून (हाईवे चैनल)।** लंबे समय से बिना अनुमति और बिना किसी सूचना के ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षा विभाग के एक कर्मचारी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी, सरगुजा ने सहायक ग्रेड-03 सूरज कुमार भगत की सेवा समाप्त कर दी है। विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। जानकारी के अनुसार, शासकीय हाई स्कूल लक्ष्मणगढ़, विकासखंड उदयपुर में पदस्थ सूरज कुमार भगत 17 मार्च 2021 से लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित थे। उनकी अनुपस्थिति को लेकर विभाग द्वारा समय-समय पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। साथ ही समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कर उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर भी दिया गया, लेकिन उन्होंने निर्धारित अवधि में कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय जांच कराई गई।




**चूहा-** सुनती हो, पीएम मोदी सबसे लंबे समय वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं।

**चुहिया-** हां जी, जो लंबे-लंबे बोलते हैं वो लंबे समय तक चलते भी हैं।

# अलग-अलग सड़क हादसों में 2 की मौत, दो घायल

**अंबिकापुर/तखतपुर/गरियाबंद, 10 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. बुधवार का दिन सड़क हादसों से भरा रहा. अलग-अलग सड़क हादसों में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हुए हैं. पहली घटना अम्बिकापुर-रायपुर नेशनल हाइवे पर हुई, जिसमें एक कार ट्रक में जा घुसी। दूसरा हादसा गरियाबंद जिले से सामने आया. यहां आबकारी विभाग के सरकारी वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई. वहीं ईंटों से लदी ट्रैक्टर सड़क पर गढ्ढे में फंसकर पलट गई. हादसे में ईंटों के ढेर में दो लोग दब गए।

## अंबिकापुर-रायपुर नेशनल हाईवे पर दर्दनाक हादसा



छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर-रायपुर नेशनल हाईवे पर मंगलवार और बुधवार की दमियानी रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. हादसा में कार सवार की मौत हो गई, जबकि चालाक मौके से फरार हो गया है. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए. हाइवे पर दुर्घटना के कारण कुछ देर तक यातायात भी प्रभावित हुआ। जानकारी के अनुसार, घटना मणिपुर थाना इलाके के भिट्ठीकलां के पास की है. सफेद रंग की स्विफ्ट कार (सीजी 04 क्यूएस 4079) में 2 लोग सवार थे. वह मंगलवार देर रात को अंबिकापुर से रायपुर के लिए रवाना हुए थे। इसी बीच अंबिकापुर-रायपुर नेशनल हाईवे पर भिट्ठीकलां के पास उनकी कार सड़क पर खड़ी ट्रक से टकरा गई। कार के ऊपर का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है. मंगलवार की रात करीब 2 से 2:30 बजे के बीच यह घटना हुई है. ग्रामीणों में जोरदार टक्कर की आवाज से हड़कंप मच गया और वह मौके पर पहुंच गई. पुलिस सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची, जिसके बाद पैसेंजर सीट पर फंसा युवक बुरी तरह से घायल हो गया था. अस्पताल लेकर जाने के दौरान रास्ते में ही उनसे दम तोड़ दिया. शव को कब्जे से में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. वहीं कार चालक मौके से फरार बताया जा रहा है।

## सरकारी वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

गरियाबंद जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में नहरगांव के पास आबाकारी विभाग की सरकारी बोलेरो और बाइक में जोरदार भिड़त से बाइक सवार की मौत हो गई. दुर्घटना के बाद तत्काल बाइक सवार को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार शुरू होने से पहले उसकी मौत हो गई. मृतक की पहचान ट्रेक्टर चालक संतोष यादव के रूप में हुई है, जो महाराष्ट्र का रहने वाला है. पुलिस ने मामले में सरकारी बॉलरों जप्त कर लिया है. मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दिया है।

## पलटा ट्रैक्टर, ईंटों के ढेर में बच्चा और युवक दबे



**तखतपुर।** जर्जर और गड्ढों से भरी सड़कें एक बार फिर हादसे की वजह बन गईं. नया बस स्टैंड के पास मुख्य मार्ग पर ईंटों से भरा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके नीचे 40 वर्षीय युवक और एक बच्चा ईंटों के ढेर में दब गए. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की सांसें थम गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर बड़े गड्ढे में ट्रैक्टर का पहिया फंसने से वाहन अनियंत्रत होकर पलटा, जिससे ईंटों का ढेर युवक और बच्चे के ऊपर गिर गया. घटना के बाद स्थानीय नागरिक और व्यापारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ईंट के ढेर से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला. युवक और बच्चा घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. चिकित्सकों द्वारा दोनों का इलाज किया जा रहा है।

## नटराजन मामले में चुनाव आयोग से मिले कांग्रेस नेता, बताया- फैसले पर होगा विचार



**नई दिल्ली, 10 जून (न्यूज चैनल)।** मध्य प्रदेश सियासत चरम पर है। राज्यसभा चुनाव के कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पत्र खारिज किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को कांग्रेस के धरना प्रदर्शन के बाद आज निगाहें कांग्रेस के अगले कदम पर हैं। बुधवार को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग के दफ्चर पहुंचा और अपनी बात रखी।

नई दिल्ली में मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने के मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की। पार्टी नेता अभिषेक मनु सिंहवी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, नाम रद्द करने का आधार यह गलत धारणा थी कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला लंबित है जिसका खुलासा उन्होंने अपने नामांकन पत्र में नहीं किया। विडंबना यह है कि वास्तव में उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला कानून में मौजूद नहीं है, न ही साबित हुआ है, जिसका खुलासा वह कर सकती थीं। सिंहवी ने कहा, हमने चुनाव आयोग के समक्ष विस्तार से अपना पक्ष रखा है। मीनाक्षी नटराजन का नामांकन ऐसे आधार पर खारिज किया गया है, जहां कोई आपराधिक मामला अस्तित्व में ही नहीं था और न ही कोई संज्ञान लिया गया था। ऐसे में उनके द्वारा किसी मामले का खुलासा करने का प्रश्न ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के पास न्याय करने और गलत फैसलों को सुधारने की शक्ति है। हमें उम्मीद है कि आयोग समझेगा कि नामांकन रद्द करने का यह निर्णय लोकतंत्र की मूल भावना और संविधान के बुनियादी ढांचे पर आघात करता है। हमने आयोग से तत्काल फैसला लेने का आग्रह किया है। नाम वापसी की प्रक्रिया वाले दिन भी पर्याप्त समय उपलब्ध है।

## हाईकोर्ट ने एनएचएम कर्मचारी को दी राहत सेवा समाप्ति का आदेश किया निरस्त

**बिलासपुर, 10 जून (हाईवे चैनल)।** हाईकोर्ट ने कहा है कि कारण बताओ नोटिस एवं सुनवाई का अवसर दिए बिना सेवा समाप्त करना प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों के विपरीत है। इसके साथ ही कोर्ट ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत एकाउंटेंट की सेवा समाप्ति के आदेश को निरस्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार, याचिकाकर्ता हरनारायण कुम्भकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला कोरबा में एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत थे। उनकी सेवाएं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा ने 6 मई 2026 को समाप्त कर दी थी। उक्त आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में रिट याचिका प्रस्तुत की गई। सुनवाई के



दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सेवा समाप्ति से पूर्व याचिकाकर्ता को न तो कोई कारण बताओ नोटिस दिया गया और न ही सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि एनएचएम की मानव संसाधन नीति-2018 के अनुसार कार्य असंतोषजनक पाए जाने की स्थिति में किसी भी कर्मचारी की सेवा समाप्त करने से पहले उसे सुनवाई का अवसर देना अनिवार्य है। अधिवक्ता ने इस संदर्भ में पूर्व में पारित एक निर्णय का भी हवाला दिया। राज्य शासन एवं एनएचएम की ओर से अधिवक्ताओं ने सेवा समाप्ति आदेश का समर्थन करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को कार्य में सुधार के लिए पूर्व में नोटिस दिया गया था। कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने के कारण सक्षम प्राधिकारी ने सेवा समाप्ति की कार्रवाई की। मामले की सुनवाई के पश्चात न्यायमूर्ति बीडी गुरु ने अभिलेखों का अवलोकन करते हुए पाया कि याचिकाकर्ता को प्रभावी सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया तथा सेवा समाप्ति से पूर्व आवश्यक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

## अवैध गतिविधियों का केंद्र बना अटल आवास, एसपी की अगुवाई में कबीरधाम पुलिस ने सुबह-सुबह दी दबिश

**कवर्धा, 10 जून (हाईवे चैनल)।** जिले में अवैध गतिविधियों और नशे के कारोबार के खिलाफ कबीरधाम पुलिस ने बुधवार सुबह बड़ी कार्रवाई की। घुघरीखुर्द स्थित अटल आवास में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र की निगरानी ड्रोन कैमरे से भी की गई। पुलिस को लगातार अटल आवास में संदिग्ध लोगों के अवैध रूप से रहने, अनैतिक गतिविधियों के संचालन और नशीले पदार्थों के कारोबार की शिकायतें मिल रही थीं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने एक साथ कई मकानों में



दबिश दी। जानकारी के अनुसार कुछ कमरों में संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की आशंका के बीच कुछ युवतियां मौके से भागने में सफल रहीं।

तलाशी के दौरान कुछ मकानों से आपत्तिजनक सामग्री, शराब और नशीले पदार्थ भी बरामद होने की सूचना है। फिलहाल, पुलिस संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है, और पूरे परिसर में सघन सर्चिंग अभियान जारी है। पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को यहां लंबे समय से अनैतिक गतिविधियों, नशे के कारोबार और संदिग्ध लोगों के ठिकाना बनाए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। कार्रवाई के दौरान कई घरों की तलाशी ली गई, संदिग्ध सामग्री बरामद होने की खबर है, इसके साथ संदिग्धों से पूछताछ जारी है।

## ओडिशा-छत्तीसगढ़ बॉर्डर में नक्सलियों के ठिकाने से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद

**मलकानगिरी/जगदलपुर, 10 जून (हाईवे चैनल)।** सुरक्षा बलों ने ओडिशा-छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र में माओवादियों के एक गुप्त ठिकाने से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, उपकरण और अन्य सामान बरामद किया। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसपी ने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, आईईडी, ग्रेनेड और अन्य सामान बरामद किए गए। मलकानगिरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनोद पाटिल ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर जिला स्वैच्छिक बल (डीवीएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार सुबह मैथिली थाना क्षेत्र के किरमिती और कटुआपदार के वन क्षेत्रों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। यह क्षेत्र ओडिशा-छत्तीसगढ़ की सीमा पर बस्तर जिले के दुर्वा थाना क्षेत्र से सटा हुआ है। पुलिस के अनुसार, बरामद किए गए सामान में एक इंसास लाइट मशीन गन (एलएमजी), दो इंसास राइफल, दो टिफिन बम, आठ किलोग्राम आईईडी, एक ग्रेनेड, एक एके मैगजीन, गन पाउडर, बैटरी और एक इलेक्ट्रिक डेटोनेटर शामिल हैं।

## बैंक की मनमानी पर आयोग ने दिखाई सख्ती ग्राहक के खाते से काटी गई राशि दिलाई वापस

**बलौदाबाजार, 10 जून (हाईवे चैनल)।** बैंक द्वारा ग्राहक के ओवर ड्राफ्ट खाते से बिना जानकारी राशि काटे जाने एवं सिबिल स्कोर खराब करने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा विरोधी पक्षकार बैंक को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए परिवादी के खाते से काटी गई राशि में शेष राशि 87536 रूपये एवं उपभोक्ता को मानसिक शारीरिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15000 तथा वाद-व्यय हेतु 7000 रूपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार भाटापारा निवासी बृजमोहन आनंद द्वारा विरोधी पक्षकार एक्सिस बैंक भाटापारा में ओ.डी. खाता हेतु आवेदन दिया था जिस पर 5 वर्ष की अवधि के लिए खाता जारी किया गया। 3 माह पूर्व परिवादी द्वारा नवीनीकरण हेतु आवेदन दिया गया परंतु बैंक द्वारा नवीनीकरण करने के स्थान पर उक्त अकाउंट को लॉक कर दिया गया तथा खाते से 372915 कंडोलेटेड व 9072 एक्स्ट्रा चार्ज बाबत राशि काटी गई ब्याज राशि बाबत 197614 रूपये की कटौती की गई। परिवादी द्वारा शिकायत करने पर नौ माह पश्चात् 99000 वापस खाते में जमा कर दिया गया परन्तु शेष राशि वापस नहीं दिया गया। परिवादी का सिबिल स्कोर भी खराब कर दिया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता बिबाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि परिवादी द्वारा शेष राशि जमा किये जाने हेतु विरोधी पक्षकार से विभिन्न तिथियों में निवेदन किया गया परंतु राशि जमा नहीं किया गया है। आयोग द्वारा प्रेषित रजिस्ट्री लिफाफा को भी विरोधी पक्षकार के द्वारा लेने से इंकार किया गया।विरोधी पक्षकार द्वारा जवाबदावा एवं दस्तावेजों से परिवादी के परिवाद के तथ्यों का खंडन नहीं किया गया है इसलिए परिवादी का साक्ष्य अखंडनीय रहा है।

## 17 दिन बाद भी नहीं बुझी ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगी आग, वार्डवासियों संग कांग्रेसियों ने दिया धरना

### सोरिद, जोधापुर व डाकबंगला वार्डवासियों को हो रही आंखो में जलन, खांसी व अस्थमा की समस्या

**धमतरी 10 जून (हाईवे चैनल)।** बता दे कि 24 मई को बागतराई रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे के ढेर में आग लग गई। जिसके पश्चात आज 17 दिन बीत जाने के बाद भी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया गया है। जिससे दमघोटू धुआं निरंतर उठ रहा है। इस समस्या से सोरिद, जोधापुर व डाकबंगला वार्डवासी ज्यादा परेशान है। जिनके साथ आज कांग्रेस पार्षदो व नेताओं द्वारा ट्रेचिंग ग्राउंड के बाहर धरना दिया गया। धरना के सूचना पर निगम सहायक अभियंता कमलेश ठाकुर मौके पर पहुंचे जहां कांग्रेसियों व वार्डवासियों ने अपनी समस्या रखी और बताया कि लगातार जहरीले धुआं उठने से आंखो में जलन, खांसी व अस्थमा की समस्या हो रही है। आक्रोश को देखते हुए तत्काल निगम द्वारा फायर बिग्रेड बुलाकर आग पर काबू पाने का आश्वसन दिया गया। वहीं कांग्रेस नेताओं ने दो दिनों तक अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि दो दिनो में आग नहीं बुझी तो वे वार्डवासियों संग चक्काजाम व कलेक्ट्रेट घेराव को बाध्य होंगे। इसकी जिम्मेदारी निगम की होगी। इस संबंध में उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने बताया कि तीनो वार्ड में अलग-अलग बैठक कर वार्डवासियों से चर्चा कर रणनीति बनाई जाएगी। और आग नहीं बुझी तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। धरना प्रदर्शन के दौरान निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पार्षद योगेश लाल, सुमन मेश्राम, सूर्यप्रभा चेटियार, शास्त्री सोनवानी सहित कांग्रेसी व बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।



दो दिन में आग नहीं बुझाने पर दी चक्काजाम और कलेक्टोरेट घेराव की चेतावनी

## गांजा बिक्री के मामले में पति-पत्नि पहले से है अंदर अब संलिप्तता के आरोप में नगर सैनिक भी गिरफ्तार

**धमतरी 10 जून (हाईवे चैनल)।** थाना मगरलोड में 14 अप्रैल को धारा 20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध प्रकरण में पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रकरण में पूर्व में 1.660 किलोग्राम अवैध गांजा एवं अन्य सामग्री सहित दो आरोपी पति पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया गया था। उक्त गांजा के प्रकरण की गहन विवेचना, तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर से प्राप्त सूचनाओं एवं संकलित साक्ष्यों के परीक्षण के दौरान मामले में एक और आरोपी नगर सैनिक की संलिप्तता उजागर हुई। जांच में प्राप्त तथ्यों से स्पष्ट हुआ कि आरोपी की भूमिका भी अवैध गांजा कारोबार से संबंधित गतिविधियों में रही है।आरोपी महेश सिन्हा,जो नगर सैनिक के रूप में कार्यरत है,उक्त अवैध गांजा कारोबार से जुड़ा हुआ था तथा प्रकरण में उसकी सक्रिय भूमिका रही है।आरोपी की लगातार निगरानी के पश्चात थाना मगरलोड पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जिसमें प्रकरण से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी महेश सिन्हा निवासी ग्राम पाहन्दा, थाना मगरलोड है।

